प्रेस विज्ञप्ति
बिहार पुलिस मुख्यालय
दिनांक–07.07.2023 (सं0–339)

गत दिनों कुख्यात अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी।		
क्र.सं.	जिला / थाना	संक्षिप्त
1.	गया / रौशनगंज थाना	गया पुलिस एवं सी0आर0पी0एफ0 की संयुक्त छापामारी में ए0के047 रायफल एवं अन्य हथियार एवं कारतूस बरामद। ➢ दिनांक 03.07.2023 को रौशनगंज थानान्तर्गत जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्रों में नक्सलियों के विरूद्ध गया पुलिस एवं सी0आर0पी0एफ0 की संयुक्त छापामारी के क्रम में नक्सलियों द्वारा उपयोग किये जाने वाले AK–47 रायफल–01, AK–47 रायफल मैगजीन–01, भरमार रायफल–02 एवं 7.62 जिन्दा कारतूस–65 बरामद किया गया।
2.	सहरसा / सदर थाना	बड़ी आपराधिक घटना अंजाम देने से पूर्व अपराधी गिरफ्तार। ➢ दिनांक–03.07.2023 को सहरसा जिला के सदर थानान्तर्गत रिफ्यूजी कॉलोनी स्थित गंगा अस्पताल के पास कुछ अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा किसी बड़ी आपराधिक घटना की सूचना पर छापामारी कर 04 अपराधकर्मी गिरफ्तार। (1. कौशल यादव 2. यशवर्द्धन खान उर्फ सन्नी 3. छोटू कुमार उर्फ सूरज कुमार 4. मिथुन कुमार उर्फ मिथिलेश यादव) ➢ 03 देशी पिस्टल, 15 जिन्दा कारतूस एवं 02 मोटरसाइकिल बरामद।
3.	अरवल / कुर्था थाना	(04.07.2023) जिले का टॉप–10 कुख्यात वांछित अपराधी विकास कुमार उर्फ विकास यादव गिरफ्तार। ➢ दिनांक 03.07.2023 को अरवल जिला का टॉप–10 कुख्यात वांछित अपराधी विकास कुमार उर्फ विकास यादव को कुर्था थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। इसके विरूद्ध अरवल एवं पटना जिले के विभिन्न थानों में कई काण्ड दर्ज है।
4.	गया / बेलागंज थाना	(04.07.2023) फिरौती हेतु अपहृत युवक सकुशल बरामद एवं अपहरणकर्ता गिरफ्तार। ➢ दिनांक–30.06.2023 को गया जिले के बेलागंज थानान्तर्गत एक युवक घर से पटना जाने हेतु कह कर निकलने एवं रात्रि 10.00 बजे तक अपने घर वापस नहीं आने के पश्चात् युवक के घर पर फोन करके 50 लाख रूपये की फिरौती की मांग की घटना प्रतिवेदित हुई। जिसके उद्भेदन हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया था। गठित टीम, एस0टी0एफ0 एवं पटना पुलिस के सहयोग से अपहृत युवक को

		बिना फिरौती के सकुशल बरामद किया गया तथा इस काण्ड में संलिप्त अपराधकर्मी 1. प्रितम कुमार 2. रौशन कुमार 3. शुभम कुमार को गिरफ्तार किया गया एवं एक विधि विरूद्ध बालिका को निरूद्ध किया गया। अपहृत युवक का मोटरसाइकिल एवं मोबाइल बरामद किया गया है।
5.	पूर्णिया / कसबा थाना	अन्तरर्जिला चोर गिरोह का उद्भेदन। ➢ दिनांक–04.07.2023 को पूर्णिया जिला के कसबा थाना थानान्तर्गत एक अन्तरर्जिला चोर गिरोह जो पूर्णिया, किशनगंज, अररिया, कटिहार सहित अन्य जिलों में सरकारी स्कूल एवं भवन में ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देता था। गिरोह का सफल उद्भेदन करते हुए गिरोह के 05 कुख्यात चोरों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया है। इनकी गिरफ्तारी से 09 चोरी के काण्डों का उद्भेदन हुआ है।
6.	मधुबनी / फुलपरास थाना	(05.07.2023) लूट काण्ड का उद्भेदन। ➢ दिनांक 01.07.2023 को मधुबनी जिला के फुलपरास थानान्तर्गत अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा चालक को गोली मारकर जख्मी कर अदरख लदा पिकअप भान को लूट लिया गया था। जिसके उद्भेदन के लिये एक विशेष टीम का गठन किया गया था। गठित टीम के द्वारा घटना में संलिप्त 07 अपराधकर्मी 1. रंजन कुमार 2. कुलदीप कुमार झा 3. नकुल यादव 4, घुरन कामत 5. चंदन कुमार रजक 6. सुनील कुमार साव 7. मनीष कुमार साव को लूटे गये 14 क्विंटल अदरख के साथ गिरफ्तार किया गया।
7.	गोपालगंज / विजयीपुर थाना	(05.07.2023) जिले का टॉप–10 कुख्यात अपराधी विक्रम सिंह गिरफ्तार। ➢ दिनांक 26.03.2023 को गोपालगंज पुलिस एवं बिहार एस0टी0एफ0 की संयुक्त छापामारी में गोपालगंज जिला का टॉप–10 कुख्यात वांछित अपराधी विक्रम सिंह को सारण जिले के परसा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। इसके विरूद्ध जिले के विभिन्न थानों में आर्म्स एक्ट / रंगदारी सहित 06 काण्ड दर्ज है।
8.	गया / शेरघाटी (डोभी) थाना	(05.07.2023) लूट काण्ड का अपराधकर्मी गिरफ्तार। ➢ दिनांक–15.06.23 को गया जिले के शेरघाटी (डोभी) थानान्तर्गत बंधन बैंक का रूपये कलेक्शन कर लौट रहे एक व्यक्ति से मोटरसाइकिल पर सवार 03 अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा कलेक्शन के 1,22,450 / –रू0, 02 मोबाइल सहित अन्य सामान लूट लिया गया था। जिसके उद्भेदन हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया था। गठित टीम द्वारा काण्ड में संलिप्त एक अपराधी सुरेश कुमार उर्फ लिट्टी चोखा लूटा हुआ 5,000 / –रू0, वादी का ड्राइविंग लाइसेंस, मूल आधार कार्ड, पैन कार्ड का छायाप्रति के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके विरूद्ध गया के विभिन्न थानों एवं हरियाणा राज्य के कुरूक्षेत्र थाना में एक काण्ड दर्ज है।